प्रतिदर्श प्रश्न पत्र–2019

कक्षा–12

काष्ठशिल्प

केवल प्रश्नपत्र

समय : 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 70

निर्देशः प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

नोटः –(i) सभी प्रश्न करना अनिवार्य हैं।

(ii) अपने प्रश्नोत्तरों की संख्या प्रश्न पत्र की संख्या के अनुसार ही लिखिए।

(iii) कार्ट्रिज पेपर के दोनों पृष्ठों का प्रयोग कीजिए।

(iv) प्रश्न संख्या 23 तथा 24 का उत्तर कार्ट्रिज पेपर पर दीजिए।

बहुविकल्पीय प्रश्नः

1– सहयोग देने वाला यंत्र कौन सा है? 1

(क) रिप सा (ख) माइटर बोर्ड

(ग) गुनिया (घ) पेचकस

2– तेल की सिल्ली पर किसकी सफाई की जाती है? 1

(क) हथौड़ा की (ख) टेनन सा की

(ग) धार की (घ) रेती की

3– पेंच कितने प्रकार के होते हैं? 1

(क) 3 (ख) 5

(ग) 2 (घ) 7

4– शीशम की लकड़ी का वजन प्रति घनफिट होता है– 1

(क) 20 किग्रा0 (ख) 15 किग्रा0

(ग) 40 किग्रा0 (घ) 25 किग्रा0

5– स्क्रेपर की लम्बाई होती है– 1

(क) 12.5 सेंमी0 (ख) 14 सेंमी0

(ग) 10 सेंमी0 (घ) 17 सेंमी0

अति लघु उत्तरीय प्रश्न :

6– आयल स्लिप्स पर किस यंत्र के धार की सफाई की जाती है? 2

7– सागौन की लकड़ी किस रंग की होती है? 2

8– कार्क रबर का प्रयोग लिखिए। 2

9– एमरी पहिया का कार्य बताइए। 2

10– पेंच किस यंत्र से कसा जाता है? 2

11– बन्दूक का कुन्दा किस लकड़ी से बनाया जाता है? 2

12– लकड़ी कितने प्रकार से नापी जाती है? 2

13– सादी पॉलिश किन–किन पदार्थों से बनायी जाती है? 2

14– वृक्ष कितने प्रकार के होते हैं? 2

15– यंत्रों के हत्थे किस लकड़ी के बनाये जाते हैं? 2

लघु उत्तरीय प्रश्न :

16– शूटिंग बोर्ड का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 4

17– सर्कुलर सा का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 4

18– रेखाचित्र में प्रयोग होने वाली रेखाओं के नाम लिखिए। 4

19– दो कठोर तथा दो मुलायम लकड़ियों के नाम लिखिए। 4

20– चारपाई तथा स्टूल के मानक माप लिखिए। 4

21– चटखनी का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 4

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :

22– एक सिल्ली की लम्बाई 15 मीटर, चौड़ाई 2 मीटर तथा मोटाई 50 सेमी0 है। सिल्ली का घनफल ज्ञात कीजिए तथा 1200/– प्रति घनमीटर की दर से उनका मूल्य ज्ञात कीजिए। 3+4

अथवा

लकड़ी को हवा द्वारा सुखाने की विधि का वर्णन कीजिए। 7

23– निम्नलिखित में से किसी एक का रूढ़ सममापीय प्रक्षेप चित्र बनाइए। माप एवं मापनी स्वयं निर्धारित करके लिखिए। 5+2

(क) गुलदस्ता स्तम्भ (ख) मार्टिस तथा टेनन जोड़

(ग) पुस्तक स्तम्भ

अथवा

निम्नलिखित में से किसी एक का मुक्त हस्त चित्र बनाइये। पेन्सिल शेड देकर रचना स्पष्ट कीजिए– 5+2

(क) बेन्च हुक (ख) गुनिया

(ग) हुक तथा आई

24. अंग्रेजी के बड़े छापे वाले अक्षरों में "PIN BOARD" शब्द को 0.4 सेंमी0 वर्गाकार ग्राफ विधि से लिखिए। 5+2

अथवा

निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए: 3½+3½

(क) रिवाइवर पॉलिश (ख) रेशे भरना

(ग) फ्यूमिंग

———